श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016)

एफ.1(50)/ल.ब.स.रा.सं.वि./सा.प्र. /2024-25/359 दिनांक: 10.06.2026

कार्यालय आदेश

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अन्तर्गत माताओं को श्रद्धांजलि देने हेतु वृक्ष लगाने और सम्पूर्ण राष्ट्र में पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम करना है। छात्रों, संकाय सदस्यों, NCC/NSS इकाई, इको-क्लब आदि विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान आयोजित करके सक्रिय रूप से भाग लें।

वृक्षारोपण गतिविधियों को शुरू करने के लिए निम्नप्रकार से प्रोत्साहित किया जा सकता है:-

1) स्वदेशी और लचीली प्रजातियों का पौधारोपण
2) रोपे गए पौधों की उत्तरजीविता और रखरखाव सुनिश्चित करना
3) समय-समय पर समीक्षा सहित उपयुक्त निगरानी तंत्र को अपनाना
4) जहां भी संभव हो डिजिटल उपकरणों/जियोटैगिंग का उपयोग
5) पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना

उक्त कार्यक्रम आचार्य मार्कण्डेय नाथ तिवारी, छात्र-कल्याण पीठ प्रमुख के निर्देशन में NCC/NSS के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के कुशल आयोजन हेतु रूपये 5000/- की अग्रिम राशि स्वीकृत की गयी है।

विश्वविद्यालय द्वारा की गई वृक्षारोपण गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया जा सकता है। अतः "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के सफल कार्यान्वयन की रिपोर्ट https://forms.gle/ndQUGHRZi1CEpT4C7 पर 15 जून, 2026 तक प्रस्तुत करें। गतिविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तथा फोटोग्राफ सहित मंत्रालय को सम्बन्धित ई-मेल mpkhobragade@gov.in पर भेजा जायेगा।

अनुभाग अधिकारी (सा.प्र.)

प्रतिलिपि: सूचनार्थ प्रस्तुत: –

1. आचार्य मार्कण्डेय नाथ तिवारी, छात्रकल्याण संकाय प्रमुख
2. NCC/NSS प्रमुख के द्वारा (DSW के निर्देशें में) कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तथा फोटोग्राफ सहित मंत्रालय को https://forms.gle/ndQUGHRZi1CEpT4C7 लिंक पर एवं सम्बन्धित ई-मेल mpkhobragade@gov.in पर भेजी जायेगी)
3. विशेष कार्याधिकारी (कुलपति कार्यालय)/जन सम्पर्क अधिकारी/ छात्रावास अधिष्ठाता
4. अभियांत्रिकी विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक उपकरणों एवं श्रमबल प्रदान करें।
5. संगणक केंद्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें एवं कार्यक्रम हेतु फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की सुविधा प्रदान करें। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के बारे में समस्त अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्हाट्सएप/SMS के माध्यम से सूचित करें।
6. समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सूचनार्थ
7. निजी सचिव – कुलपति/ कुलसचिव/ वित्ताधिकारी
8. सभी विभागों को सूचनार्थ
9. समस्त सूचना पट्ट – छात्र-छात्राओं को सूचनार्थ
10. संबंधित पंजिका

अनुभाग अधिकारी (सा.प्र.)

Sachin
10/06/26
sameer